विचार–प्रवाह...
दोस्ती का हवाला



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 20 नवंबर 2024



मौसम | अधिकतम 22.0° | न्यूनतम 12.0° | 79924.77

2 हांगकांग में 45 लोगों को हुई सजा

7 पहले इंसान, टेस्ट मैच आते रहेंगे

# अपने युवाओं को 'फ्यूचर–रेडी' बनाना होगाः सीएम

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून विश्वविद्यालय में कौशल विकास एवं रोजगार कॉन्क्लेव में किया प्रतिभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को दून विश्वविद्यालय में कौशल विकास एवं रोजगार कॉन्क्लेव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जनरेशन इंडिया और उत्तराखण्ड सरकार के बीच एमओयू भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कॉन्क्लेव हमारे युवाओं के कौशल विकास के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। यह कॉन्क्लेव युवाओं को उनकी क्षमता के अनुरूप सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित भी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को दुगना करने के लक्ष्य को लेकर सरकार कार्य कर रही है। दो साल में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 1.3 गुना वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रयास किये गये हैं। राज्य में विभिन्न क्षेत्रों के लिए 30 नई नीतियां बनाई हैं। उत्तराखण्ड राज्य के युवाओं को रोजगार देने में भी अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। राज्य में एक साल में बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी आई है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय भी तेजी से बढ़ी है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास के लक्ष्यों की रैंकिंग में राज्य को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले पांच वर्षों में हम राज्य की जीएसडीपी को दोगुना करने के साथ–साथ कौशल विकास और रोजगार सृजन में भी उल्लेखनीय कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यही कारण है पीएम मोदी ने 2015 में ही स्किल इंडिया अभियान की शुरुआत की। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत हजारों युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीएम ने कहा कि आज का रोजगार परिदृश्य तेजी से बदल रहा है, तकनीकी नवाचार और वैश्विक परिवर्तन के कारण रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। इसके लिए हमें अपने युवाओं को "फ्यूचर–रेडी" बनाना होगा। युवाओं को "डिमांड बेस्ड स्किल ट्रेनिंग" देने के लिए विभिन्न उद्योगों और कॉरपोरेट संस्थानों के साथ समझौते किए गये हैं।



### विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की जा रही

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा विदेशी प्लेसमेंट नीति के तहत राज्य के युवाओं को विदेशी भाषाओं सहित विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि हमारे युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें और बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। इसके पहले चरण में 23 युवाओं को जापान भेजा है। 25 युवाओं को जर्मनी और ब्रिटेन में नर्सिंग क्षेत्र हेतु भेजने की योजना बनाई जा रही है। कॉन्क्लेव में विभिन्न सत्रों के माध्यम से राज्य के प्रमुख ग्रोथ ड्राइवर्स, जैसे आयुष, वेलनेस, पर्यटन, बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण, वन आधारित आजीविका, डिजिटल मार्केटिंग, ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था, अक्षय ऊर्जा आदि पर चर्चा से जो विचार और सुझाव प्राप्त होंगे। युवाओं के कौशल विकास के लिए तैयार की जाने वाली नीतियों के लिए अत्यधिक लाभकारी सिद्ध होंगे।

### युवाओं के कौशल विकास पर दिया जा रहा ध्यानः बहुगुणा

कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं के कौशल विकास की दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। औद्योगिक संस्थानों की मांग के अनुसार युवाओं के कौशल विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इन प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास के लिए लघु अवधि के कोर्स भी नियमित कराये जा रहे हैं। यह अभियान न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ा रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### हिंदी थोपने का जरिया बन गई है एलआईसी वेबसाइट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तमिलनाडु में हिंदी भाषा को लेकर लगातार सियासी पारा चरम पर है। हाल ही में राज्य के सीएम एमके स्टालिन द्वारा गैर–हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी के आयोजनों न कराने को लेकर पीएम को लिखे गए पत्र के बाद उन्होंने एक बार फिर एलआईसी की वेबसाइट पर हिंदी भाषा के इस्तेमाल पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि ये गैर हिंदी राज्य में हिंदी को थोपने जैसा है।

### मणिपुर को लेकर आपके हस्तक्षेप की सांवधानिक जरूरत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। मणिपुर में हुई हालिया हिंसा के बाद हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। न सिर्फ विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता बल्कि वहां के कई नागरिक संगठनों ने हिंसा पर लगाम लगाने और कुकी उग्रवादियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में बिगड़ते हालात को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है।

# आयोग या पुलिस, जिससे मन हो उससे करवा लें जांच

## पैसे बांटने के आरोपों पर बोले विनोद तावड़े

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पालघर। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पालघर में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, बहुजन विकास अघाड़ी ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप लगाया। दावा किया गया कि नालासोपारा में उन्होंने लोगों को प्रलोभन देने के लिए पैसे बांटे। हालांकि, भाजपा ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ठाकुर का दावा प्रचार का हथकंडा मात्र है और एमवीए हार की ओर अग्रसर होने के कारण ये आरोप लगा रही है।

विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाते हुए बहुजन विकास अघाड़ी के नेता हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि, यहां चुनाव आयुक्त ने पैसों से भरा एक बैग और डायरियां बरामद की हैं। इसमें नामों की एक सूची है, जिसमें बताया गया है कि किसको कितना पैसा दिया गया है। एक भाजपा नेता ने मुझे बताया कि 5 करोड़ रुपये लाए गए हैं। कलेक्टर ने मुझे बताया है कि मुझे प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की भी अनुमति नहीं है। मुझ पर बहुत दबाव है।

मामले में प्रतिक्रिया देते हुए विनोद तावड़े ने कहा कि नालासोपारा के विधायकों की बैठक चल रही थी। मतदान के दिन के लिए आदर्श आचार संहिता, वोटिंग मशीन को कैसे सील किया जाएगा और अगर कोई आपत्ति दर्ज करानी है तो क्या करना है? मैं उन्हें इसके बारे में बताने गया था। बहुजन विकास अघाड़ी के कार्यकर्ता अप्पा ठाकुर और क्षितिज को लगा कि हम पैसे बांट रहे हैं।

### विपक्ष ने जमकर बोला हमला

मामले में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि मैंने तुलजाभवानी मंदिर में पूजा–अर्चना की और प्रार्थना की कि महाराष्ट्र में भ्रष्ट राक्षसों का राज खत्म हो। शिवसेना के संजय राउत ने कहा कि भाजपा की योजना का फंडा फूट गया है। ठाकुर ने वही किया है जो चुनाव आयोग को करना चाहिए था। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि वीडियो में भगवा पोशाक पहने हुए व्यक्ति को प्रमुखता से देखा जा सकता है।

# रोडवेज को प्राप्त 30 नई बसों के शीघ्र संचालन के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखण्ड परिवहन निगम की पुराने मॉडल की डीजल बसों पर दिल्ली पर लगे प्रतिबन्ध से आमजन की असुविधा के तत्काल समाधान को लेकर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने यूटीसी को तत्काल शॉर्ट टर्म एक्शन प्लान पर कार्य करते हुए दिल्ली के लिए रोडवेज बसों के फेरे बढ़ाने, विशेषकर वीकेंड पर बसों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए यूपी से भी समन्वय हेतु निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिव परिवहन को 175 बसों के खरीद के प्रस्ताव के निर्णय पर उचित स्तर पर आज ही वार्ता हेतु निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएस ने निर्देश दिए हैं कि जिन 100 सीएनजी बसों की खरीद की टेण्डर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तथा 30 बसें प्राप्त हो चुकी हैं, उनका संचालन शीघ्र शुरू किया जाए। आमजन को फौरी राहत देने को लेकर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने परिवहन विभाग को यूटीसी की बसों का संचालन गाजियाबाद में मोहन नगर के साथ ही कौशाम्बी तक करने के लिए उत्तर प्रदेश से बात करने के निर्देश दिए हैं। प्रदूषण नियंत्रण के मानक पूरा करने वाली बसें सीधा दिल्ली में प्रवेश करेंगी।

### निर्देश

- यूटीसी को शॉर्ट टर्म एक्शन प्लान पर कार्य करने के निर्देश

**भ्रामक सूचनाओं को स्पष्ट करने के निर्देश**

प्रतिबन्ध से पूर्व रोडवेज की बसों का लोड फैक्टर लगभग 40 प्रतिशत था जो अभी बस सेवाओं की फ्रीक्वेंसी बढ़ने से लोड फैक्टर 90 से 100 प्रतिशत हो गया है। दिल्ली जाने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की विशेष असुविधा नही हो रही हैं। मुख्य सचिव ने इस सम्बन्ध में भ्रामक सूचनाओं को स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# परमाणु युद्ध का खतरा मंडराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मॉस्को। अमेरिकी चुनावों के बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक अहम कदम उठाते हुए यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल रूस के खिलाफ करने की इजाजत दे दी है। इससे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भड़क गए हैं क्योंकि अब यूक्रेन रूस के बड़े शहरों को आसानी से निशाना बना सकता है। रूस को आशंका है कि इन हथियारों के बल पर यूक्रेन कुर्स्क में हमला बोल सकता है।

■ यूएस के कदम से भड़के पुतिन ने बनाई नई न्यूक्लियर पॉलिसी

इसके जवाब में ताजा कदम उठाते हुए रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने मंगलवार को एक नई परमाणु नीति पर हस्ताक्षर किए हैं। घोषणा की गई है कि अगर किसी भी परमाणु शक्ति द्वारा समर्थित देश रूस पर हमला करता है तो इसे उनके देश पर संयुक्त हमला माना जाएगा। पुतिन ने इस नई न्यूक्लियर पॉलिसी पर दस्तखत 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन में सैनिकों को भेजे जाने के 1,000वें दिन पर किया है। माना जा रहा है कि यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को करारा जवाब है। लंबी दूरी की मिसाइलों से हमला हुआ तो रूस भी जवाबी कार्रवाई में बड़ा हवाई हमला कर सकता है।

## न्यूज डायरी



### हांगकांग में 45 लोगों को सुनाई गई सजा, 10 साल की हुई जेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हांगकांग। हांगकांग के हाई कोर्ट ने मंगलवार को एक राष्ट्रीय सुरक्षा मुकदमे में 45 लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को 10 साल तक की जेल की सजा सुनाई। दरअसल राष्ट्रीय सुरक्षा ट्रायल में कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र आंदोलन को नुकसान पहुंचाया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की। 2021 में कुल 47 लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया था और उन पर बीजिंग की तरफ से लगाए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत तोड़फोड़ की साजिश का आरोप लगाया गया और उन्हें आजीवन कारावास तक की सजा का सामना करना पड़ा। कार्यकर्ताओं के आयोजक के रूप में पहचाने जाने वाले पूर्व कानूनी विद्वान बेनी ताई को 10 साल जेल की सजा सुनाई गई, जो 2020 के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत अब तक की सबसे लंबी सजा है। 2021 में कुल 47 लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया और उन पर बीजिंग की तरफ से लगाए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत तोड़फोड़ की साजिश का आरोप लगाया गया और उन्हें आजीवन कारावास तक की सजा का सामना करना पड़ा। कुछ पश्चिमी सरकारों ने मुकदमे की आलोचना की है, अमेरिका ने इसे राजनीति से प्रेरित बताया है और कहा है कि डेमोक्रेटों को रिहा किया जाना चाहिए क्योंकि वे शांतिपूर्वक राजनीतिक गतिविधियों में भाग ले रहे थे जो कानूनी थे।

### चीन के लिए कम होती आबादी से खड़ा हो रहा संकट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन की जनसंख्या के बारे में आई नई रिपोर्ट देश की शी जिनपिंग की सरकार की चिंता को बढ़ा सकती है। चीनी आबादी अगले दस साल में 51 मिलियन (5 करोड़, 10 लाख) तक कम हो जाने की संभावना है। चीनी सरकार लगातार देश की गिरती जन्म दर को बढ़ाने के लिए तमाम कोशिश कर रही है लेकिन उसे इसमें बहुत ज्यादा सफलता मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है। ऐसे में आने वाले दशक में चीन की जनसंख्या में रेकॉर्ड गिरावट दर्ज हो सकती है। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस (बीआई) की रिपोर्ट कहती है कि आने वाला समय चीन की जनसंख्या के लिहाज से संवेदनशील है। बीआई के वरिष्ठ एनेलिस्ट अदा ली का अनुमान है कि साल 2035 तक चीन की जनसंख्या घटकर 1.36 बिलियन हो जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट कहती है कि चीन में पिछले एक साल में जन्म दर में वृद्धि अल्पकालिक रही है और इस वर्ष कोई अपवाद होने की संभावना नहीं दिख रही है। लीने कहा कि देश में विवाह दर अब तक के सबसे निचले स्तर पर है तो ज्यादा बच्चे पैदा होने की उम्मीद ही बेमानी है। चीन फिलहाल जनसंख्या के कम होने के चलते समाजी और आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि आने वाले दशकों में चीन में जनसंख्या घटने की रफ्तार और ज्यादा तेज हो जाएगी। ऐसे में अगले 75 साल में यानी 2100 तक अपने वर्तमान आकार से घटकर आधा रह जाएगा। बीआई के अदा ली का कहना है कि चीन के नीति निर्माता सुधार की गति बढ़ा सकते हैं।

### चीन के साथ बीआरआई को लेकर दुविधा में फंसा नेपाल


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली दिसंबर में चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं। इस दौरान बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के कार्यान्वयन योजना पर हस्ताक्षर को लेकर नेपाल दुविधा में हैं। नेपाल में नेपाली कांग्रेस और CPN-UML के गठबंधन वाली सरकार है। दोनों ही इस योजना पर हस्ताक्षर को लेकर अलग-अलग विचार रखते हैं। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बीआरआई योजना पर सहमति के लिए चीनी राजदूत नेपाल में समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। चीनी राजदूत चेन सोंग पीएम ओली और वरिष्ठ यूएमएल नेताओं के साथ संपर्क कर रहे हैं। साथ ही पीएम की चीन यात्रा से पहले नेपाली कांग्रेस के अंदर प्रयास तेज कर दिए हैं। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक चीनी दूत ने पार्टी के उपाध्यक्ष पूर्ण बहादुर खड़का, वरिष्ठ नेता शेखर कोइराला, बिमलेंद्र निधि और मिनेंद्र रिजल समेत अन्य लोगों से मुलाकात की है। ओली और उनकी पार्टी बीआरआई कार्यान्वयन योजना पर जल्द से जल्द हस्ताक्षर करना चाहती है। लेकिन कांग्रेस इसे लेकर अलर्ट है। हालांकि कांग्रेस बीआरआई को मान्यता देने के साथ-साथ उसके प्रोजेक्ट के नेपाल में बनने को लेकर इच्छुक है।

# भारत-इटली की दोस्ती से मिलेंगे बेहतर परिणाम

## पीएम मोदी-मेलोनी की बैठक में पांच साल का रोडमैप तैयार

**रोडमैप**

- दोनों देश की अर्थव्यवस्था और लोगों को होगा फायदा
- रक्षा और सुरक्षा समेत कई मुद्दों पर सहमति बनी




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रियो डी जेनेरो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील पहुंचे। यहां पीएम मोदी और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के बीच व्यापक वार्ता हुई। इस वार्ता में भारत और इटली के बीच अगले पांच वर्ष की कार्य योजना बनाई गई। इस योजना में मुख्य रूप से रक्षा, व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा और कनेक्टिविटी समेत कई विशिष्ट पहलों की रूपरेखा तैयार की गई। भारत-इटली कार्य योजना 2025-29 में आर्थिक सहयोग, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, रक्षा, सुरक्षा, प्रवास, कनेक्टिविटी और गतिशीलता शामिल है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, देर रात जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई वार्ता में मोदी और मेलोनी ने लोकतंत्र, कानून के शासन और सतत विकास के साझा मूल्यों को बनाए रखने के लिए बहुपक्षीय और वैश्विक मंचों पर मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, हमारी बातचीत रक्षा, सुरक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी में संबंधों को गहरा करने पर केंद्रित थी। हमने संस्कृति, शिक्षा और ऐसे अन्य क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के बारे में भी बात की। भारत-इटली की दोस्ती एक बेहतर निर्माण में बहुत योगदान दे सकती है।

पिछले दो वर्षों में दोनों प्रधानमंत्रियों (पीएम मोदी और पीएम मेलोनी) के बीच यह पांचवीं मुलाकात थी। मोदी और मेलोनी की पिछली मुलाकात जून में इटली के पुगलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के अवसर पर हुई थी।

विदेश मंत्रालय ने कहा, अपनी चर्चाओं के बाद दोनों नेताओं ने भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और एक संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-29 की घोषणा की। जिसमें अगले पांच वर्षों के लिए उनके दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है। दोनों देश संयुक्त कार्य योजना के तहत व्यापार, निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, अंतरिक्ष, रक्षा और कनेक्टिविटी समेत अन्य मुद्दों पर सहमति बनी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और इटली कई क्षेत्रों में नियमित रूप से मंत्रिस्तरीय और आधिकारिक वार्ता करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी और मेलोनी ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे सहित बहुपक्षीय रणनीतिक पहलों के कार्यान्वयन के लिए मिलकर काम करना जारी रखने पर भी सहमति व्यक्त की। यह योजनाएं दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं और लोगों को लाभान्वित करेंगी।

## ट्रंप की नई कैबिनेट ने उड़ाई पाकिस्तान की नींद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप अपनी कैबिनेट के कई सहयोगियों का चुनाव कर चुके हैं। ऐसे में पाकिस्तान आगामी ट्रंप कैबिनेट के नामों की घोषणा से खासा परेशान है। इसकी वजह ये है कि ट्रंप की कैबिनेट में अधिकतर नेता वही हैं, जो पाकिस्तान के प्रति अच्छे विचार नहीं रखते।

पाकिस्तानी नीति निर्माता ट्रंप की पसंद पर कड़ी नजर रख रहे हैं, जो अमेरिकी प्रशासन की भावी विदेश नीति का संकेत है। बता दें कि जिन नामों का एलान हुआ है, उससे यह स्पष्ट संदेश जाता है कि ट्रंप सरकार के लिए भारत प्राथमिकता सूची में काफी ऊपर है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान ट्रंप प्रशासन और अमेरिकी विदेश नीति की प्राथमिकता सूची में शामिल नहीं है।

इस्लामाबाद खुद को मुश्किल स्थिति में पाता है क्योंकि ट्रंप ने विदेश मंत्री, रक्षा सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और जासूसी एजेंसी सीआईए प्रमुख के लिए जो उम्मीदवार चुने हैं, वे सभी पाकिस्तान के प्रति बहुत आलोचनात्मक विचार रखते हैं, भारत के प्रति उनका रवैया काफी सकारात्मक है। ट्रंप की नई कैबिनेट लिस्ट में एक नाम तुलसी गोबार्ड का भी है, जो अक्सर पाकिस्तान को निशाने पर लेती रहती है।



**एलन मस्क की मदद से स्पेस में पहुंची भारत की सैटेलाइट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्पेसएक्स के फॉल्कन 9 रॉकेट की मदद से भारत के सबसे उन्नत संचार उपग्रह (कम्युनिकेशन सैटेलाइट) को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में लॉन्च कर दिया गया है। जीसैट-20 सैटेलाइट को अमेरिका के फ्लोरिडा में केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया। जीसैट एन-2 सैटेलाइट दूरदराज के क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड सेवाएं और यात्री विमानों में उड़ान के दौरान इंटरनेट प्रदान करेगा। सैटेलाइट 32 उपयोगकर्ता बीम से सुसज्जित है, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र पर आठ संकीर्ण स्पॉट बीम तथा शेष भारत में 24 विस्तृत स्पॉट बीम शामिल हैं। सभी 32 बीम को भारत में स्थित हब स्टेशनों से सपोर्ट किया जाएगा। ये सैटेलाइट्स इन-फ्लाइट इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने में भी मदद करेगा। इस लॉन्चिंग की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो को स्पेसएक्स ने एक्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया है।

## जी-20 नेताओं की ग्रुप फोटो में सबसे आगे पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रियो डि जेनेरियो। ब्राजील के रियो डी जनेरियो में जी20 सम्मेलन में पहुंचे नेताओं का एक फोटोशूट कराया गया। जी20 फैमिली फोटोशूट के दौरान जो बाइडन फोटो से गायब दिखे। इतना ही नहीं कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो और इतालवी प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी भी वर्ल्ड लीडर्स की इस लाइनअप से गायब थे। ऐसा देखकर अमेरिका में बैठे अधिकारी तक चिंता में आ गए कि ऐसा क्या हुआ जो समिट के ग्रुप फोटो से बाइडन गायब दिखे। कुछ लोगों ने इन नेताओं की नाराजगी और विरोध को इसका कारण माना है।

अमेरिकी अधिकारियों ने इसके लिए लॉजिस्टिकल टीम पर आरोप लगाया है। हालांकि अमेरिकी अधिकारियों ने बाद में कहा, सभी नेताओं के आने से पहले ही फोटो ले ली गई थी। इसलिए कई नेता वास्तव में वहां नहीं थे। बता दें कि इस फोटोशूट में सबसे आगे की लाइन में पीएम मोदी बीचोंबीच खड़े नजर आए। उनके साथ तुर्की, ब्राजील समेत विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष थे।



बता दें कि ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के नेताओं, पश्चिम और वैश्विक दक्षिण से मुलाकात की है। जी20 शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मोदी ने औपचारिक बैठकें और अनौपचारिक बैठकें भी कीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। दोनों राष्ट्राध्यक्षों और विदेश मंत्री जयशंकर की मौजूदगी वाले प्रतिनिधिमंडल ने भारत और इटली से जुड़े अहम द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर संक्षिप्त मुलाकात की। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद यह दोनों नेताओं के बीच हुई पहली मुलाकात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर मुलाकात की फोटो साझा की।

### इजरायली आर्मी ने ईरान का परमाणु बम का ठिकाना तबाह किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि अक्टूबर में ईरान पर किए गए उनकी एयरफोर्स के हवाई हमले में तेहरान के परमाणु कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा भी तबाह हुआ है। उन्होंने कहा कि इजरायली फोर्स ने ऐसा करते हुए ईरान के परमाणु हथियार प्राप्त करने के सपने को झटका दिया है। साथ ही इस हमले के दौरान आईडीएफ ने ईरान के मिसाइल प्रोग्राम को भी भारी नुकसान पहुंचा है। यरूशलम पोस्ट के मुताबिक बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमारे 26 अक्टूबर के हमले में ईरान के परमाणु कार्यक्रम का एक खास घटक प्रभावित हुआ है। हालांकि उन्होंने घटक की पहचान के बारे में नहीं बताया। नेतन्याहू ने कहा कि आईडीएफ के सफल हमले के बावजूद ईरान का परमाणु हथियार तक पहुंचने का रास्ता अभी भी पूरी तरह से बंद नहीं हुआ है।

## Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# गांव के मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील

अपील

## उप निर्वाचन को 166 पोलिंग पार्टियां क्रीड़ा मैदान अगस्त्यमुनि से हुई रवाना

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन को सुव्यवस्थित, सफलतापूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से संपादित कराने के लिए मंगलवार को 166 पोलिंग पार्टियां अगस्त्यमुनि क्रीड़ा मैदान से जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहवार की देखरेख में उनके गंतव्य के लिए रवाना हो गई। रवाना होने से पूर्व सभी पोलिंग पार्टियों को निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहवार ने जानकारी देते हुए बताया कि 07–केदारनाथ विधान सभा में तैनात कार्मिकों के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार विधान सभा में दिव्यांग बूथ सहित बुजुर्ग, युवा व यूनिक बूथ तैयार किए गए हैं जिसमें संबंधित क्षेत्र अथवा गांव के मतदाताओं से मतदान में अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की



गई है। उन्होंने बताया कि 07–केदारनाथ विधान सभा उप निर्वाचन हेतु कुल 173 मतदान बूथ हैं जिसमें बीते सोमवार को 07 पोलिंग पार्टियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया था। इसके साथ ही आज अवशेष मतदान बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि आज प्रातः 7 बजे से ही पोलिंग पार्टियों को निर्वाचन संबंधी आदेश व सामग्री उपलब्ध करा दी गई थी तथा परीक्षण के बाद रूट प्लान के अनुसार सभी पोलिंग पार्टियों द्वारा अपने गंतव्य के लिए प्रस्थान कर दिया गया है। शेष पोलिंग पाटियों के प्रस्थान की कार्यवाही गतिमान है। बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत पोलिंग पार्टियों के साथ पुलिस बल तैनात है। साथ ही जिन स्थानों में वन क्षेत्र हैं वहां स्थानीय वन रेंजर भी तैनात किए गए हैं। इसका भी विशेष ध्यान रखा गया है कि वापसी के समय भी पोलिंग पार्टियों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने बताया कि 07–केदारनाथ विधान सभा में इस बार 90 हजार 8 सौ 75 मतदाता हैं। जिनमें 44 हजार 919 पुरुष तथा 45 हजार 9 सौ 56 महिला मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आज 166 पोलिंग पार्टियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि 07–केदारनाथ विधान सभा को 02 जोनल एवं 27 मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से वन क्षेत्र में क्षेत्रीय वन अधिकारियों को तथा संवेदनशील बूथों पर सीपीएफ टीम भेजी गई है। 130 मतदान बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही संबंधित क्षेत्र के राजस्व उप निरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी, बीएलओ को भी तैनात किए गया है ताकि मतदाताओं को आने–जाने सहित निर्वाचन संबंधी अन्य व्यवस्थाओं में किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति इंदिरा गांधी की जयंती दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया। इस मौके पर उनको पुष्पांजलि अर्पित की समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि देश आंतकवाद से पूरी तरह मुक्त रहे। जिससे लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें। इस मौके पर इंदिरा जी को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रभात डंडरियाल , आरिफ वारसी,प्रदीप कुकरेती, विपुल नौटियाल ,पारस यादव, सुशील विरमानी ,आदि मौजूद रहे।

### मौके पर निस्तारित होने वाली समस्याओं का किया जाएगा समाधानः जिलाधिकारी

**संवाददाता** अल्मोड़ा। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने मंगलवार को चौखुटिया विकासखंड सभागार में पहुंचकर गेवाड़ विकास समिति एवं गोदी–खिडा–तड़गताल संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान जिलाधिकारी ने संघर्षरत लोगों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वाशन दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज यहां लगभग सभी विभागों के अधिकारी आए हैं, इसलिए मौके पर निस्तारित होने वाली समस्याओं का समाधान किया जाएगा तथा जो समस्याएं शासन स्तर की हैं उनको शीघ्र ही शासन को अग्रसारित कर उनका निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने उक्त दोनों समितियों के प्रतिनिधियों के साथ उनकी मांगों पर चर्चा की। यहां उपस्थित समस्त अधिकारियों को जिलाधिकारी ने कहा कि जो मांगे जनपद स्तर की हैं उनका निस्तारण जनपद स्तर पर ही किया जाए तथा शीघ्र ही लोगों की मांगों पर कार्य करें।

### आज एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जायेगा

**संवाददाता** अल्मोड़ा। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी ने बताया कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने एवं जन समस्याओं को मौके पर निस्तारण किये जाने के उद्देश्य से दिनॉक 20 नवम्बर, 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से विकासखण्ड धौलादेवी के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चगेंठी में एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि अनिवार्य रूप से इस बहुउद्देशीय शिविर में सम्बन्धित क्षेत्र की विभागीय जानकारीध्प्रचार–प्रसार सामग्री के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

## प्रेस प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा

**संवाददाता** चमोली। 72वें राजकीय आद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेले के अवसर पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रेस सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी ने दीप प्रज्जवलन के साथ प्रेस सम्मेलन का शुभारंभ किया। प्रेस सम्मेलन के दौरान प्रेस प्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र में जनता की समस्याओं को संबंधित विभागों के समक्ष रखा गया।

अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेस सम्मेलन में प्रेस प्रतिनिधियों द्वारा रखी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभागों के माध्यम से इसका त्वरित निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने विभागों को निर्देशित किया प्रेस द्वारा रखी जन समस्याओं को प्राथमिकता पर समाधान करते हुए सूचना विभाग के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

मेलाधिकारी/उप जिलाधिकारी संतोष कुमार पांडेय ने 72वें गौचर मेले में अभी तक हुए आय व्यय की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विगत तीन दिनों से मेले में आपार भीड जुट रही है। अभी तक 54 लाख की आय और करीब 76 लाख की देनदारियां है। प्रेस सम्मेलन के दौरान प्रेस प्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी जन समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया।



### बीडीसी बैठक में क्षेत्र के मुख्य मुद्दों पर की गई चर्चा

**संवाददाता** पुरोला। क्षेत्र पंचायत प्रमुख रीता पंवार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बीडीसी बैठक में क्षेत्र के पेयजल, सड़क, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ आदि प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें लघु सिंचाई के नहरो के रख रखाव व बिना कार्य किए भुगतान पर सदन में नाराजगी जताई गई। वहीं लोनिवि पर चर्चा में प्रमुख रीता पंवार ने श्रीकोट, खडक्यासेम भदराली आदि क्षेत्रों की बदहाल सड़कों पर मरम्मत कार्य करने की बात कही। जिस पर अधिशासी अभियंता बलराम मिश्रा के द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि शासन को प्रस्ताव भेज दिए गए हैं जल्द ही मरम्मत का कार्य शुरू किया जायेगा। वहीं बैठक में सिंचाई, पेयजल,वन विभाग, शिक्षा, स्वास्थ, आदि विभागों पर चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी सुरेंद्र सेमवाल ने प्रतिनिधियों प्रधानों से सरकारी विभागों में ग्राम पंचायतों को प्रदत्त अधिकारों के बारे में जानकारी रखनें का आह्वान कर पंचायतों से जुड़े संबंधित तमाम अधिकारियों को प्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर योजनाओं का चयन करना चाहिए।

## क्षेत्र के युवाओं को बाहर निकालने और अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का मिला मौका

**संवाददाता**

■ अंतर– महाविद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

रुद्रप्रयाग। अनुसूया प्रसाद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में आयोजित श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की दो दिवसीय अंतर–महाविद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी जी.एस. खाती सहित अति विशिष्ठ अतिथि प्रो. (डॉ.) दशम सिंह नेगी प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह बिष्ट एवं आयोजक सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने कहा कि खेल से प्रतिस्पर्धा की भावना का उदय होता है यही प्रतिस्पर्धा जीवन में करियर में भी सहायक होती है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता से दूर दराज के क्षेत्र के युवाओं को बाहर निकालने और अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप सिंह बिष्ट द्वारा इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथि एवं प्रतियोगिता के ऑफिसियल्स तथा अन्यत्र 15 महाविद्यालयों से आए टीम मैनेजर,कोच तथा खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ–साथ ऐसी गतिविधियों में भी अवश्य भाग लेना चाहिए जिससे उनमें छुपी प्रतिभा में निखार आ सके।

कार्यक्रम आयोजक सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि वॉलीबॉल प्रतियोगिता में यह प्रतियोगिता दो दिवसों तक चलेगी तथा सभी टीमों से सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ियों का चयन श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की टीम के लिए किया जायेगा तथा यह चुनी हुई टीम नॉर्थ जोन में वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

प्रो. (डॉ.) दशम सिंह नेगी ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। शिक्षा के साथ–साथ खेलों में भाग जरूर लेना चाहिए वर्तमान समय में खेल के क्षेत्र में भी रोजगार के सुनहरे अवसर हैं।

### अजय टम्टा ने क्वारब डेंजर प्वाइंट के वैकल्पिक मार्ग के लिए स्थलीय निरीक्षण किया

**संवाददाता** अल्मोड़ा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने आज पुनः क्वारब डेंजर प्वाइंट के समाधान हेतु वैकल्पिक मार्ग के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान क्वारब के डेंजर प्वाइंट के ट्रीटमेंट के दौरान वैकल्पिक मार्ग बनाए जाने से लोगों को मार्ग में आवाजाही में परेशानी न हो इसके लिए वैकल्पिक मार्ग बनाने हेतु विकल्प की तलाश की गई। मौके पर सभी संबंधित अधिकारी रहे जिससे वैकल्पिक मार्ग हेतु सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जा सके। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि क्वारब के डेंजर प्वाइंट के ट्रीटमेंट के लिए 18 करोड़ रुपए के कार्यों का टेंडर होने के साथ साथ वैकल्पिक मार्ग को भी स्वीकृति सरकार से मिल गई है जिसके क्रम में आज उन्होंने वैकल्पिक मार्ग के लिए संभावनाएं तलाशी।

सच्चे मनुष्य से दोस्ती करोगे तो वो आपको मजबूत बनाएगा।
-अज्ञात



विचार-प्रवाह
देहरादून, बुधवार, 20 नवंबर 2024
पेज थ्री
www.page3news.in

# दोस्ती का हवाला

**पिछले चुनावों में जब बाइडन से ट्रंप हार गए थे, तब अमेरिका में मोदी ट्रंप के राजनीतिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए थे। इसकी तब आलोचना भी हुई थी। लेकिन इस बार पीएम मोदी ने निष्पक्ष रवैया अपनाए रखा, जो मुनासिब था और यह नीति सही भी है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

डॉनल्ड ट्रंप अमेरिका के अगले राष्ट्रपति होंगे। रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस को हराया है। ट्रंप के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अच्छे संबंध रहे हैं। पिछले चुनावों में जब बाइडन से ट्रंप हार गए थे, तब अमेरिका में मोदी ट्रंप के राजनीतिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए थे। इसकी तब आलोचना भी हुई थी। लेकिन इस बार पीएम मोदी ने निष्पक्ष रवैया अपनाए रखा, जो मुनासिब था और यह नीति सही भी है।

2016 से 2020 के दौरान जब डॉनल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति थे, तो मोदी के साथ उनकी बेहतरीन केमिस्ट्री अक्सर चर्चा में रहती थी। इसका असर इन चुनावों के दौरान इस रूप में दिखा कि एक से अधिक मौकों पर ट्रंप ने मोदी के साथ अपनी अच्छी दोस्ती का हवाला दिया। बेशक, वह इसके जरिये अमेरिका में भारतीय मूल के वोटरों को प्रभावित करना चाहते थे। हाल ही में जब मोदी अमेरिका की यात्रा पर गए तो ट्रंप ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री उनसे मिलने आ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस यात्रा के दौरान मोदी उनके एक राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

भारत की तरफ से इन बातों की पुष्टि नहीं की गई, न मोदी उनके कार्यक्रम में शामिल हुए। वजह यही थी कि राष्ट्रीय हित को देखते हुए भारत ने इन चुनावों में दोनों पक्षों से निश्चित दूरी बनाए रखी। जब डेमोक्रेट बराक ओबामा अमेरिका के राष्ट्रपति थे, तब पीएम मोदी के नेतृत्व में दोनों देशों के बीच रिश्ते और मजबूत हुए। ट्रंप का कार्यकाल खत्म होने के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन राष्ट्रपति बने तो उन्होंने भारत के लिए कुछ जरूरी टेक्नॉलजी का रास्ता खोला। इस दौरान भारत और अमेरिका में रणनीतिक सहयोग भी बढ़ा है।

जब डॉ. मनमोहन सिंह भारत के प्रधानमंत्री थे, तब उनकी और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की करीबी की भी काफी चर्चा होती थी। दरअसल, भारत और अमेरिका के रिश्ते दो दशक से लगातार मजबूत हुए हैं। रिपब्लिकन लीडर जॉर्ज बुश के राष्ट्रपति रहने के दौरान भारत के साथ परमाणु ऊर्जा समझौता हुआ था, जिसे मील का पत्थर माना जाता है। अमेरिका से अच्छे रिश्तों के बावजूद भारत ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में निष्पक्षता की नीति बनाए रखी। यूक्रेन और फलस्तीन–इस्राइल युद्ध इसकी हालिया मिसालें हैं। भारत को रूस का करीबी माना जाता है, लेकिन यूक्रेनी राष्ट्राध्यक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की उससे मध्यस्थता की अपील कर चुके हैं। 'यह युद्ध का दौर नहीं है', मोदी ने यह बात रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के सामने ही कही थी, जिसे अमेरिका और पश्चिमी देशों ने भी सराहा था। यह भी भारत के निष्पक्ष रूख का प्रमाण था और अभी तक इस निष्पक्षता का उसे फायदा ही मिला है। आज ग्लोबल साउथ भी भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है। इसमें कोई शक नहीं कि वैश्विक स्तर पर भारत की यह निष्पक्षता और उसकी स्वतंत्र विदेश नीति देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

## कुल्फी

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** एक गांव में अमन नाम का व्यक्ति एक कुल्फी का कारोबार किया करता था। अमन हमेशा से ही बाजार जाता है दूध और मेवा ले आकर घर में वह अपनी पत्नी जिसका नाम सुधा थी उसी से अपना सारा काम तो की कुल्फी बनाने का कार्य करवाया करता था। आपको पता है देखिए अमन और सुधा की एक प्यारी सी बेटी थी जिसका नाम अनीता है। अनीता पढ़ने लिखने में काफी तेज है और वह अपने मां–बाप के काम में हाथ बनाने में बहुत ज्यादा अच्छी थी। शाम में अमन मार्केट से सामान लेकर आता था और पत्नी उसकी हिंदी था सभी मिलकर कुल्फी बनाया करती थी। फिर उसे बेचने के लिए मार्केट जाने के लिए तैयार करती थी और फिर अमन अगले सुबह मार्केट में कुल्फी को बेचने के लिए जाया करता था।

...शेष कल

## संपादकीय


### सदियों तक टिकाऊ

पहले से ही जैविक मशीनें शतरंज और सुडोकू की सरल प्रॉब्लम्स को हल करने में सक्षम हैं। डीएनए के सूक्ष्म अणुओं की यह खूबी निश्चित रूप से प्रभावशाली है। जैविक कंप्यूटर भले ही इस समय शक्तिशाली या तेज न हों, लेकिन डीएनए स्टोरेज और कंप्यूटिंग ने एक बहुत छोटी जगह में विशाल मात्रा में जानकारी को एकत्र करने का करिश्मा दिखाया है। डीएनए आधारित सिस्टम का उपयोग करके, एक हजार लैपटॉप में समा जाने वाले डेटा को एक पेंसिल इरेजर जितनी जगह में विश्वसनीय रूप से स्टोर किया जा सकता है। इस तरह विशाल डेटाबेस को दीर्घकालिक रूप से स्टोर करना मुमकिन है। इस रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों का कहना है कि नया सिस्टम हमें डीएनए डेटा स्टोरेज और कंप्यूटिंग कार्यों की पूरी श्रृंखला का संचालन करने में सक्षम बनाता है। हालांकि हम अभी इन डीएनए कंप्यूटरों के व्यापक उपयोग से बहुत दूर हैं, लेकिन नया अध्ययन दिखाता है कि ऐसा किया जा सकता है। वह भी ऐसे माध्यम पर जो संभावित रूप से समस्त सभ्यताओं से अधिक समय तक चल सकता है। रिसर्चरों का मानना है कि उनका अध्ययन आणविक कंप्यूटिंग की दिशा में एक बड़ा कदम है।

नॉर्थ कैरोलाइना स्टेट यूनिवर्सिटी (एनसी स्टेट) और जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के रिसर्चरों ने एक्सपेरिमेंट में दिखाया कि उनका नया न्यूक्लिक एसिड ढांचा डीएनए कंप्यूटिंग की बहुमुखी प्रतिभा का प्रमाण है।

# कंप्यूटर मास्टर

मुकुल व्यास।।



डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड के लंबे–लंबे अणुओं में पृथ्वी पर जीवन की सूचनाएं तो हैं ही, साथ ही समस्याओं को हल करने की प्रणाली भी है। डीएनए की इन खूबियों से प्रेरणा लेकर इंजिनियर एक ऐसा जैविक कंप्यूटर बनाना चाहते हैं जो डीएनए में डेटा रेकॉर्ड कर सके। वे एक ऐसा सिंथेटिक सिस्टम डिजाइन करने की कोशिश कर रहे हैं, जो एक ही समय में डेटा स्टोर करने के साथ–साथ दूसरे कार्यों को भी अंजाम दे सके। नई रिसर्च ने दिखाया है कि डीएनए से दोनों तरह के काम कराए जा सकते हैं।

डीएनए के जैविक अणुओं यानी न्यूक्लिक एसिड की श्रृंखला से सब तरह की कंप्यूटिंग हो सकती है। इन कार्यों में डेटा को स्टोर करने, पढ़ने, मिटाने, ट्रांसफर करने और फिर से लिखने के अलावा इन कार्यों को प्रोग्राम करने लायक बनाना और दोहराना शामिल है। एक पारंपरिक कंप्यूटर इसी तरह काम करता है। नॉर्थ कैरोलाइना स्टेट यूनिवर्सिटी (एनसी स्टेट) और जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के रिसर्चरों ने एक्सपेरिमेंट में दिखाया कि उनका नया न्यूक्लिक एसिड ढांचा डीएनए कंप्यूटिंग की बहुमुखी प्रतिभा का प्रमाण है। इसमें अविश्वसनीय रूप से कॉम्पैक्ट जैविक मशीनें बनाने की क्षमता है।

इस अध्ययन से जुड़े जीवविज्ञानी अल्बर्ट केंग ने कहा कि पहले यह सोचा गया था कि डीएनए लंबे समय तक डेटा स्टोरेज के लिए उपयोगी हो सकता है। लेकिन पारंपरिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में पाए जाने वाले ऑपरेशन की पूरी श्रृंखला को शामिल करने वाली डीएनए तकनीक विकसित करना मुश्किल या असंभव होगा। हमने प्रदर्शित किया है कि ये डीएनए–आधारित तकनीकें व्यावहारिक हैं, क्योंकि हमने एक ऐसी तकनीक विकसित कर ली है। डीएनए जीवों के लिए एक कोड बेस के रूप में काम करता है, जो जैविक संरचनाओं और प्रक्रियाओं के लिए टेंपलेट प्रदान करता है। फिर भी सिद्धांत रूप में रासायनिक लड़ी सूचना के किसी भी सीक्वेंस की नुमाइंदगी कर सकती है। वर्षों से वैज्ञानिक क्छ। की मुक्त लड़ियों में सभी प्रकार के डेटा भरने का तरीका डिवेलप करने में जुटे हुए हैं।

नए अध्ययन में रिसर्चर अणुओं को छोटे वृक्ष जैसी संरचनाओं पर स्टोर करने में सफल रहे। इन संरचनाओं को डेंड्रिकोलॉइड कहा जाता है। एक खास बात यह है कि रिसर्चर डीएनए कोड को और भी आसानी से संपादित करने में सक्षम हो गए। इस सिस्टम की खासियत यह है कि डेंड्रिकोलॉइड संरचनाओं में संग्रहीत सूचनाओं में अंतर किया जा सकता है। इस वजह से यह डेटा को आएनए (राइबोन्यूक्लिक एसिड) फॉर्म में कॉपी करने में सक्षम बनाता है। मूल डीएनए फाइल या स्टोरेज माध्यम को नुकसान पहुंचाए बगैर इस डेटा को प्रॉसेस किया जा सकता है। इससे भी बेहतर बात यह है कि पॉलिमर संरचनाओं की तुलना में डेंड्रिकोलॉइड संरचनाओं की शाखाएं डीएनए की जानकारी को संरक्षित करने में भी मदद करती हैं। एक विश्लेषण से पता चला कि लगभग 4 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर डेंड्रिकोलॉइड पर संग्रहीत डीएनए की लड़ों का जीवन 500 साल का होगा। कम तापमान पर यह अवधि लाखों साल हो सकती है।

### सूडोकू बवताल- 5205

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू बवताल -5204 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## अपना ब्लॉग

### छोटे निवेशकों की ताकत

**मोहन।** विदेशी निवेशक भी मौजूदा लेवल पर एहतियात के साथ भारत में निवेश कर रहे हैं। इसलिए अगर वे भारी–भरकम राहत पैकेज के एलान के बाद भारत से पैसा निकालकर चीन ले जाते हैं तो इससे यहां के मार्केट पर दबाव बन सकता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से घरेलू छोटे निवेशक इक्विटी में पैसा लगा रहे हैं, उससे भारतीय बाजार को सपोर्ट मिल सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि आने वाले कुछ दशकों तक यह तेज बनी रहेगी। ऐसे में संभावित ग्रोथ की वजह से भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी बनी रह सकती है। खासतौर पर ऐसे विदेशी निवेशकों की, जो लंबी अवधि के लिए पैसा लगाते हैं। जिनका नजरिया कई वर्षों का है, वे शॉर्ट टर्म में ऊंचे वैल्यूएशन की बहुत परवाह नहीं करते।






## पापा रणबीर कपूर की गोद में स्विमसूट पहनकर बैठी नन्ही सी राहा

रणबीर कपूर और उनकी बेटी राहा की एक दिल छू लेने वाली तस्वीर इंटरनेट पर वायरल हो गई है। प्यारी सी फोटो में, पिता–बेटी की जोड़ी अपने एक स्टाफ के साथ पोज देते हुए दिख रही है। इस प्यारे से पल को कैमरे में कैद कर लिया गया है, जिसे देखकर फैंस दंग रह गए। फोटो में, रणबीर और राहा एक स्पेशल पल शेयर कर रहे हैं जो उनके रिश्ते की खूबसूरती दिखा रहा है। पिता और बेटी की जोड़ी एक–दूसरे की कंपनी एंजॉय कर रही है। एक साथ दोनों बेहद खुश दिख रहे हैं। सफेद टी–शर्ट और नीली पैंट पहने रणबीर, छोटी राहा के साथ मुस्कुरा रहे हैं, जो गुलाबी रंग का स्विमसूट और सफेद हेडबैंड पहने हुए है और हाथ में एक खिलौना लिए हुए है। यह फोटो हर तरफ वायरल हो गई है। इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर होते ही हर तरफ से लाइक्स और कमेंट्स आने लगे। जहां एक फैन ने लिखा, श्क्यूट राहाश, वहीं दूसरे ने लिखा, राहु बेबी। एक फैन ने यह भी कहा कि, श्हे भगवान, कितनी प्यारी है। पिछले दिनों आलिया और रणबीर को ईशा अंबानी और आनंद पीरामल की बेटी आदिया के साथ देखा गया था। इस दिन छोटी राहा भी दिखी थी, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। वहां पहुंचने पर, रणबीर ने ड्राइवर की सीट से बाहर निकलकर सामने बैठी आलिया से राहा को प्यार से अपनी बाहों में ले लिया।

## शिल्पा शेट्टी पति के साथ 18 साल बाद पहुंचीं उज्जैन महाकाल

धर्म नगरी उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर दर्शन के लिए वीआईपी श्रद्धालुओं का आना लगातार जारी है। जहां एक और देश के अलग अलग क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, मंत्री और क्रिकेटर बाबा महाकाल के मंदिर पहुंच रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर सोमवार 18 नवंबर, 2024 को फिल्म एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और एक्टर सुधांशु पांडे महाकाल मंदिर पहुंचे। इस दौरान वह अपने–अपने पार्टनर के साथ नजर आए। शिल्पा शेट्टी और सुधांशु पांडे महाकाल मंदिर के गर्भगृह की चौखट पर पहुंचे जहां उन्होंने बाबा के सामने मत्था टेका। यहां मंदिर के पुजारी ने बाबा को चढ़ा हुआ दुपट्टा शिल्पा शेट्टी को प्रसाद स्वरूप पहनाया। इसके बाद वो नंदीहाल में पहुंचे जहां उन्होंने बाबा महाकाल के सामने बैठकर शिव आराधना की। इस दौरान वें भगवान महाकाल की भक्ति में लीन दिखाई दिए। और बाबा महाकाल की आरती देखी। इसके बाद शिल्पा शेट्टी ने नन्दी के कानों में अपनी मनोकामना कही। मीडिया से चर्चा में शिल्पा शेट्टी ने कहा, श्यहां आकर मन तृप्त हो गया है और यहां वहीं आ सकता है जिसे बाबा बुलाते हैं। 18 वर्ष बाद बाबा का बुलावा आया है। वे फिर से यहां आई है। यह ज्योतिर्लिंग है। यहां की शक्ति अद्भुत है।

## बागी 4 में दिखेगा टाइगर श्रॉफ का सबसे खूंखार अवतार




बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ हाल ही में रिलीज हुई सिंघम अगेन में दिखाई दिए थे। इसके पहले आई उनकी सभी फिल्में फ्लॉप रही थीं। अब वह अपनी सुपरहिट फिल्म बागी से वापसी कर रहे हैं। एक्शन फ्रैंचाइज की चौथी किस्त श्बागी 4श का पहला पोस्टर सोमवार 18 नवंबर सुबह मेकर्स ने जारी किया। पोस्टर में एक्टर का उनके मशहूर किरदार रॉनी का खतरनाक लुक देखने को मिल रहा है। लोग उन्हें इस अवतार में देखने के लिए एक्साइटेड हैं। इस मूवी की रिलीज डेट भी सामने आई गई है। आइए बताते हैं कि आप कब देख सकेंगे। बागी 4 के फर्स्ट–लुक पोस्टर में टाइगर को खून से लथपथ, एक टूटे–फूटे वॉशरूम में कमोड पर बैठे हुए दिखाया गया है। उन्होंने एक हाथ में चाकू, दूसरे हाथ में शराब की बोतल पकड़ी हुई है और सीधे कैमरे की ओर देखते हुए सिगरेट चबा रहे हैं। वहीं उनके सामने फर्श पर लोगों की बॉडी पड़ी है, जिन्हें उन्होंने मार गिराया है। जबकि पीछे की दीवारों पर खून के छींटे थे। टाइगर के ठीक ऊपर की दीवार पर श4श उकेरा गया है। पोस्टर में लिखा हैरू श्इस बार, वह पहले जैसा नहीं है।

# जेठालाल ने पकड़ा निर्माता असित मोदी का कॉलर



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*टेलिविजन की दुनिया में दर्शकों का फेवरेट शो श्तारक मेहता का उल्टा चश्माश इन दिनों नेगेटिव वजहों से काफी चर्चा में है। सामाजिक रिश्तों पर बुने गए इस शो की कहानी इन दिनों कास्ट और मेकर्स के झगड़ों को लेकर खूब चर्चा में हैं। तारक मेहता का उल्टा चश्मा में जेठालाल चंपकलाल गड़ा की भूमिका निभाने वाले दिलीप जोशी और शो के निर्माता असित कुमार मोदी के बीच भयंकर लड़ाई की खबर है।*

### जेठालाल बुरी तरह से हो गए खफा

रिपोर्ट के मुताबिक, ये पूरा मामला इसी साल अगस्त की शुरुआत का है। दरअसल, कहा जा रहा है कि ये लड़ाई फीस या पैसों को लेकर नहीं बल्कि लीव यानी छुट्टियों को लेकर हुई है। खबर है कि छुट्टी को लेकर दोनों के बीच जमकर बहस हुई है। इस शो से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया कि दिलीप यानी जेठालाल शो से कुछ दिनों की छुट्टी असित मोदी से मांगी थी, लेकिन निर्माता ने उनके साथ बातचीत को टाल दिया। इसी बात पर जेठालाल बुरी तरह से खफा हो गए। खबर है कि उनके बीच हाथापाई वाली नौबत आ गई थी।

### छुट्टियों के बारे में बात करने का इंतजार कर रहे दिलीप जोशी

शो के एक सूत्र ने वेबसाइट को बताया कि उस दिन कुश शाह की शूटिंग का आखिरी दिन था। उन्होंने कहा कि इधर दिलीप जोशी निर्माता के आने और उनसे उनकी छुट्टियों के बारे में बात करने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन वो आए और सीधे कुश से मिलने चले गए। इसी को लेकर दिलीप जोशी निराश हो गए और उनके बीच तीखी बहस हो गई।

### दिलीप जोशी ने उनका कॉलर भी पकड़ लिया




इतनी ही नहीं, कहा जा रहा है कि लड़ाई इतनी बढ़ गई थी कि दिलीप जोशी ने उनका कॉलर भी पकड़ लिया और शो छोड़ने की धमकी दे डाली।

### हांगकांग यात्रा की शूटिंग के दौरान भी हुई थी लड़ाई

वहीं कहा जा रहा है कि दोनों के बीच इससे पहले भी इस तरह की स्थिति आई है। बताया गया है कि शो की हांगकांग यात्रा की शूटिंग के दौरान भी दोनों के बीच काफी झगड़ा हुआ था लेकिन बीच में गुरुचरण सिंह सोढ़ी ने दोनों के बीच सुलह कराया था।

### कई सितारे छोड़ चुके हैं ये शो

याद दिला दें कि श्तारक मेहता का उल्टा चश्माश करीब पिछले 16 साल से सफलतापूर्वक चल रहा है। दिलीप जोशी शो के पहले दिन से ही इसका हिस्सा रहे हैं। वहीं इस शो के कई अहम सदस्य दिशा वकानी, राज अनादकट, भव्य गांधी, गुरुचरण सिंह और जेनिफर मिस्त्री समेत कई कलाकारों ने इस शो को छोड़ दिया है।

# पीएम मोदी ने की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की तारीफ



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्टश की सराहना की और अब फिल्म की प्रड्यूसर एकता कपूर ने उन्हें धन्यवाद कहा है। उन्होंने कहा कि फेक नैरेटिव ज्यादा दिनों तक नहीं चलती और सच्चाई सामने आ रही है।*

### विक्रांत मैसी ने भी पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया

फिल्म के एक्टर विक्रांत मैसी ने भी पीएम मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, श्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, द साबरमती रिपोर्ट पर आपकी सराहना यह साबित करती है कि हम सही दिशा में हैं। इस प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद।

### द साबरमती रिपोर्ट की कहानी, साबरमती एक्सप्रेस में आग लगने की

बता दें कि द साबरमती रिपोर्टश साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की घटना पर आधारित है। यह दुखद घटना 27 फरवरी, 2002 को हुई थी, जिसमें झुलस कर 59 लोगों की मौत हो गई थी।

### भारत की सबसे विवादास्पद घटनाओं में से एक

इस फिल्म में साउथ फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस राशि खन्ना और विक्रांत मैसी पत्रकार की भूमिका में हैं, जो भारत की सबसे विवादास्पद घटनाओं में से एक के पीछे की क्रूर सच्चाई को उजागर करने के लिए एक साथ काम करते हैं।

### रिद्धि डोगरा ने एक अंग्रेजी पत्रकार की भूमिका निभाई है

वहीं, फिल्म में एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा ने एक अंग्रेजी पत्रकार की भूमिका निभाई है, जो चाहती है कि सच्चाई सामने न आ पाए। बालाजी मोशन पिक्चर्स, विकिर फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत, श्द साबरमती रिपोर्टश शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।

### पीएम मोदी ने फिल्म की दिल खोलकर की थी तारीफ

बता दें कि हाल ही में फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने तारीफ करते हुए कहा कि फेक नैरेटिव ज्यादा दिनों तक नहीं चलता। अच्छी बात है कि यह सच्चाई सामने आ रही है। पीएम ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक ट्वीट को रीपोस्ट कर लिखा, श्बहुत बढ़िया कहा आपने। यह अच्छी बात है कि यह सच्चाई सामने आ रही है और वह भी इस तरह से कि आम लोग इसे देख सकें। एक फेक नैरेटिव ज्यादा दिनों तक चलती नहीं है।

# दवा लेने पर भी नहीं हो रहा है असर, तो जान को खतरे में डाल रहे हैं आप



**कहीं आप अपनी जान खतरे में तो नहीं डाल रहे**

अक्सर आप के डॉक्टर किसी इन्फेक्शन को ठीक करने के लिए आपको दवाई देते हैं तो आपको 2 से 3 दिन में आराम दिखाई देने लगता है लेकिन अगर आपको जरा भी आराम नहीं लग रहा है तो आपको अपने डॉक्टर से बात करनी चाहिए और दवाइयों का सेवन करना एकदम बंद कर देना चाहिए क्योंकि एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस होने के बावजूद भी अगर आप दवाई खानी जारी रखते हैं तो इससे आपको जान का खतरा हो सकता है और आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए ऐसा जोखिम न उठाएं।

*इसलिए ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पब्लिक स्वास्थ्य के लिए खतरों में इस स्थिति को भी ऐड किया है। लोगों को इस विषय में जानकारी मिल सके इसलिए ही इस सप्ताह को मनाना शुरू किया गया और हर साल यह नवंबर के महीने में मनाया जाता है।*

**जानें विश्व एंटी माइक्रोबियल सप्ताह के बारे में**

इस बार इस सप्ताह की थीम है रू एजुकेट, एडवोकेट और एक्ट नाव है। इसका अर्थ है आपको इस स्थिति के बारे में खुद को शिक्षित करना चाहिए, खुद ही इससे जुड़े एक्शन लेने चाहिए। इस थीम को इसलिए रखा गया है ताकि एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस के बारे में लोगों तक जानकारी पहुंचाई जा सके और वह सुरक्षित प्रेक्टिस को लेकर जागरूक हो सकें।

**क्या होता है एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस? जानें**

जब आपके शरीर में मौजूद बैक्टीरिया , वायरस जैसे पैथोजन एंटी माइक्रोबियल दवाइयों के प्रति अपना इम्यून मजबूत कर लेते हैं तब आपको एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ता है। इसके कारण आपको दवाइयां लेने के बाद भी असर नहीं होता है और इलाज करना और अधिक कठिन बन जाता है। लेकिन लोग इसके बाद भी दवाइयां लेनी जारी रखते हैं जिस वजह से उनकी मृत्यु तक भी हो सकती है।

**कहां से शुरू हुआ एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस का सफर?**

एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस को एड्रेस करने के लिए 2015 में 68वीं वर्ल्ड हेल्थ असेंबली में एक ग्लोबल एक्शन प्लान को सपोर्ट दिया गया। ऐसा 2011 में यूरोपियन देशों द्वारा एंटी बायोटिक रेजिस्टेंस को लेकर लिए गए एक्शन प्लान के बाद हुआ। इसका सबसे मुख्य उद्देश्य एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस के बारे में लोगों तक सही जानकारी पहुंचाना था ताकि इन दवाइयों का गलत प्रयोग न हो सके और लोग सुरक्षित ढंग से इनका प्रयोग कर सकें।

**एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस से बचने के लिए करें यह उपाय**

सबसे पहले आपको डॉक्टर द्वारा सुझाई गई दवाइयों का ही सेवन करना चाहिए और अगर उनसे आपको असर नहीं मिल रहा है तो दुबारा से डॉक्टर के पास जाना चाहिए। आपको गैर जरूरी दवाइयां का सेवन करने की जरूरत नहीं है।



## तनाव लेने से बढ़ जाता है मोटापे का खतरा, होते हैं इसके ये खतरनाक दुष्प्रभाव

वजन अधिक बढ़ने या मोटापे के कारण सेहत से जुड़ी कई समस्याएं जन्म ले सकती हैं और अगर इसे अनदेखा किया जाए तो इसके चलते डायबिटीज, ब्लड प्रेशर की तरह कई क्रॉनिक बीमारियों का खतरा बढ़ने लगता है। इसलिए हर किसी को अपने वजन पर कंट्रोल रखना चाहिए। क्या आप जानते हैं कि वजन बढ़ने का कारण केवल ऑयली जंक फूड या अनहेल्दी खाना ही नहीं बल्कि अधिक तनाव लेने के कारण भी व्यक्ति मोटापे के चपेट में आ सकता है। जो लोग लंबे समय तक तनाव लेते हैं उनका ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है और हार्ट रेट में भी इजाफा देखने को मिलता है, जिसकी वजह से दिल की धमनियों में सूजन, हाई ब्लड प्रेशर, स्ट्रोक, दिल का दौरा जैसी हार्ट से जुड़ी बीमारियों का जोखिम बढ़ सकता है। स्ट्रेस का साइड इफेक्ट्स मांसपेशियों पर प्रेशर डालता है, जिससे हार्ट अटैक का रिस्क बढ़ जाता है। सही मायने में कहा जाए तो स्ट्रेस लेने से किसी भी व्यक्ति में दिल के बीमारियां पैदा हो सकती हैं और यह कोलेस्ट्रॉल के लेवल को भी बढ़ा सकता है। स्ट्रेस लेने वाले लोगों में पाचन तंत्र प्रभावित होता है। तनाव के कारण अपच, कब्ज, एसिडिटी और इरिटेबल बाउल सिंड्रोम जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। तनाव की वजह से डाइजेशन स्लो हो जाता है, जिससे खाना सही तरीके से डाइजेस्ट नहीं हो पाता है और शरीर पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है।


## आपके पैरों पर भी दिखती हैं नीली नसें? कहीं इस बीमारी के शिकार तो नहीं

अगर आपकी नसें त्वचा के ऊपर से दिखाई देती हैं तो आप वेरीकोज वेंस जैसे गंभीर बीमारी के शिकार हो सकते हैं। इस बीमारी में नसें सूज जाती हैं और त्वचा के नीचे उभरकर दिखाई देती हैं। अक्सर यह समस्या पैरों में देखने को मिलती है लेकिन यह शरीर के अन्य हिस्सों में भी देखने को मिल सकती है। यदि खून के बहाव में कोई रुकावट आती है तो यह समस्या पैदा होती है, जिस कारण नसों में खून धीरे–धीरे जमने लगता है और त्वचा के ऊपर से दिखाई देने लगता है। ब्लड फ्लो में रुकावट के कारण वेरीकोज वेंस की समस्या उत्पन्न होती है। नसों के द्वारा खून को दिल में भेजा जाता है लेकिन जब नसों में यह वाल्व कमजोर होने लगते हैं तो यह ठीक से कार्य नहीं करते और खून का उल्टा हो जाता है और ये नसों में जमा होने लगते हैं। यह जेनेटिक भी हो सकता है। परिवार में किसी को यह समस्या है तो इसके होने का खतरा बढ़ जाता है। मोटापा भी इसका एक मुख्य कारण है। अधिक वजन होने के कारण नसों पर ज्यादा जोर पड़ता है। बढ़ी हुई उम्र भी इसका एक कारण बनता है क्योंकि बढ़ती उम्र के साथ नसों की दीवार कमजोर होने लगती है। वेरीकोज वेंस के कई लक्षण हैं, जिसमें से मुख्य लक्षण उभरी हुई नसों का दिखाई देना इस बीमारी में नसें उठ करके नीचे, बैंगनी, हरी या नीले रंग की दिखाई देने लगती है।

# 1 चीज के साथ मखाना खाने पर टूटेगी पेशाब के रास्ते में अटकी पथरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

*पथरी की समस्या काफी ज्यादा आम हो गई है। कई लोगों को किडनी में पथरी बन जाती है तो कुछ को यह समस्या ब्लैडर में हो सकती है। कई बार पथरी का साइज इतना बड़ा होता है कि वो निकलते हुए पेशाब के रास्ते में अटक सकती है। इसके कारण बहुत तेज दर्द होता है और ढंग से पेशाब नहीं कर पाते हैं। अगर इसे इग्नोर किया जाए तो इंफेक्शन भी बन सकता है। अगर आपको भी पेशाब के रास्ते में पथरी फंस गई है तो आयुर्वेदिक उपाय कर सकते हैं। आयुर्वेदिक डॉक्टर रोबिन शर्मा ने इसके लिए मखाने का उपाय बताया है। लेकिन आपको मखाना अकेला नहीं खाना है, बल्कि इसका एक सही तरीका होता है। आइए जानते हैं कि पथरी निकालने के लिए मखाने का उपयोग कैसे करें?*



**पथरी निकालने का उपाय**

यूरीनरी ट्रैक्ट में फंसी पथरी निकालने का उपाय करने के लिए आपको मखाना और मिश्री का इस्तेमाल करना है। डॉक्टर के मुताबिक यह उपाय पेशाब के साथ धातु निकलने की समस्या से भी छुटकारा दिला सकता है। सबसे पहले मखाने को घी के अंदर हल्का–हल्का सेक लीजिए। फिर ठंडे होने पर इनका पाउडर बना लें। इसके अंदर बराबर मात्रा में मिश्री मिला दें। फिर 2 बड़े चम्मच दिन में 2 बार दूध के साथ खाएं। पेशाब के रास्ते में मौजूद पथरी टूटकर बाहर निकलने लगती है।



**मखाना खाने के लाभ**

डॉक्टर ने मखाने के दूसरे लाभ भी बताए हैं। अगर आप नियमित रूप से मखाना खाते हैं तो यह किडनी डिटॉक्स करने में मदद करता है। जिन लोगों को रात में नींद नहीं आने की समस्या है, वो भी रोजाना रात को सोते समय इस मखाने का सेवन करके फायदा प्राप्त कर सकते हैं।

**जोड़ों के दर्द के लिए मखाना कैसे खाएं?**

डॉक्टर ने जोड़ों के दर्द, कमर दर्द व गठिया बाय से छुटकारा पाने के लिए भी मखाना का उपाय बताया है। मखाने में तिल और मेथीदाना बराबर मात्रा में मिलाकर हल्का रोस्ट कर लीजिए। फिर इन सभी चीजों का पाउडर बना लें। अगर आवश्यकता हो तो थोड़ी सी धागे वाली मिश्री भी मिला सकते हैं। 1 बड़े चम्मच के करीब लेकर दिन में दो बार गुनगुने पानी के साथ सेवन करें। ध्यान रखें इसे दूध के साथ नहीं लेना है।

## सस्ते फलों से भी विटामिन बी–12 की कमी होगी पूरी, आएगी ताकत



हमारे शरीर के लिए कई आवश्यक विटामिन और प्रोटीन जरूरी होते हैं। विटामिन इ12 साइनोकोबालामिन शरीर के को स्वस्थ रखने के लिए काफी जरूरी है। यह वॉटर सॉल्युबल है और रेड ब्लड सेल्स के निर्माण, नर्वस सिस्टम और ब्रेन के लिए जरूरी होता है। विटामिन बी12 हमारे शरीर में खुद से नहीं बनता इसलिए इसे हमें अपने आहार के माध्यम से प्राप्त करना पड़ता है। शरीर में इ12 की कमी हो तो अत्यधिक थकान, मांसपेशियों में कमजोरी, याददाश्त का कमजोर होना, डिप्रेशन और मूड स्विंग्स, तनाव और त्वचा और बालों से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। डॉ निधि धवन, एच ओ डी डायटिक्स ,सरोज सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली के मुताबिक, विटामिन इ12 हमारे शरीर में होमोकिस्टीन नामक अमीनो एसिड के लेवल को कंट्रोल करता है, जिससे हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा कम होता है। विटामिन बी12 की कमी पूरी करने के लिए फलों और सप्लीमेंट्स अपने आहार में शामिल करना चाहिए। हमारे शरीर में रेड ब्लड सेल्स को बनाने के लिए विटामिन बी12 मदद करता है। विटामिन बी12 की कमी हो तो एनीमिया बीमारी हो सकती है, जिससे हमेशा थकान और कमजोरी महसूस होती है।



**2022 में हुई थी शादी**

ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान पैट कमिंस 1 अगस्त 2022 को बेकी बोस्टन से शादी करेंगे। इस जोड़े ने फरवरी 2020 में सगाई की थी। आईपीएल के दौरान बेकी कमिंस को चीयर करते हुए नजर भी आती हैं।

## बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ही पिता बन सकता है कंगारू खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के शुरू होने में चंद दिन का समय बचा है। इससे ठीक पहले भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा हाल में ही पिता बने हैं। रोहित अभी तक भारत में ही हैं। माना जा रहा है कि वह सीरीज के पहले टेस्ट में हिस्सा भी नहीं लेंगे। टीम इंडिया जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में पर्थ के मैदान पर उतरेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के एक प्रमुख खिलाड़ी की पत्नी भी मां बनने वाली है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान और प्रमुख तेज गेंदबाज पैट कमिंस पिता बनने वाले हैं। उनकी पत्नी बेकी बोस्टन ने सोशल मीडिया पर कुछ समय पहले फोटो शेयर कर यह जानकारी दी। पैट कमिंस की पत्नी बेकी बोस्टन सोशल मीडिया पर काफी एक्टव रहती हैं। वह बेबी बंप की फोटो भी शेयर करती रहती हैं। यह कपल दूसरी बार माता–पिता बनेगा। कहा जा रहा है कि पैट कमिंस की पत्नी जनवरी में बच्चे को जन्म देंगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जनवरी तक चलेगा। टूर्नामेंट का आखिरी मैच 3 से 7 जनवरी के बीच सिडनी में होगा। पैट कमिंस और बेकी बोस्टन का तीन साल का एक बेटा भी है। उसका नाम एल्बी है। कमिंस और बेकी की शादी से पहले ही जन्म 8 अक्टूबर 2021 को हुआ था।

# हम पहले इंसान हैं, टेस्ट मैच आते रहेंगे

**क्रिकेट**

### रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए बड़ी बात बोल गए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा पर्थ में 22 नवंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। रोहित की पत्नी ऋतिका ने बीते शुक्रवार बेटे को जन्म दिया है। रोहित इस समय अपनी पत्नी और बेटे के साथ ही रहना चाहते हैं इसलिए पहला टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे। कई लोग रोहित के इस फैसले की आलोचना कर रहे हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने रोहित का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि ऐसी स्थिति में परिवार पहले है। हालांकि, क्लार्क पहले खिलाड़ी नहीं है जो रोहित के सपोर्ट में आए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड भी रोहित का समर्थन कर चुके हैं। क्लार्क ने कहा कि वह अपने देश के लिए खेलना काफी



पसंद करते थे, लेकिन उनके जीवन का सबसे खुशी का पल उनकी बेटी का जन्म था।

क्लार्क ने कहा है कि परिवार पहले होना चाहिए और रोहित का दूसरी बार पिता बनना उनके लिए काफी बड़ा पल है। क्लार्क ने कहा कि अगर वह रोहित की जगह होते तो वह भी यही करते। क्लार्क ने रेवस्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, ष्मैं आपको एक बात बताता हूं।

मैं ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना पसंद करता हूं और टीम की कप्तानी करना भी। मैं बैगी ग्रीन कैप पहनना पसंद करता हूं। लेकिन मेरी जिंदगी का सबसे खुशी का पल था जब मेरी बेटी का जन्म हुआ था। ये मेरे लिए टेस्ट जीत, जहां तक की विश्व कप जीत से भी ज्यादा है।

उन्होंने कहा, पहले परिवार आता है दोस्त, टेस्ट मैच की जीत दोबार आएगी। लेकिन ये काफी खास पल होता है। हां, रोहित की कमी खलेगी। उनकी कप्तानी की कमी भी खलेगी, लेकिन मैं आपसे कह सकता हूं कि अगर मैं उनकी जगह होता तो मैं भी यही करता। क्लार्क ने कहा कि रोहित ने जो किया वो सही किया और अब वह पूरी तरह से अपने काम कर ध्यान दे सकते हैं।

क्लार्क ने कहा, हमको ये समझना होगा कि हम पहले इंसान हैं। रोहित ने बिल्कुल ठीक काम किया है। अब वह बाद में टीम के साथ जुड़ सकते हैं और पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। वह निश्चित तौर पर भारत के अहम खिलाड़ी होंगे। लेकिन उन्होंने जो किया वो एक दम सही किया।

# कैफ ने कान के कच्चे रिकी पोंटिंग की धज्जियां उड़ा दीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने हेड कोच रिकी पोंटिंग और कप्तान ऋषभ पंत को बाहर का रास्ता दिखाया तो यह हैरानी वाला रहा। पंत से कहीं अधिक पोंटिंग की रवानगी अधिक चर्चा में रही। खिलाड़ी तो ऑक्शन में फिर भी खरीद लिया जाएगा, लेकिन अगर दुनिया का ऑल टाइम बेस्ट कैप्टन कोच के तौर पर अलग होगा तो शायद जल्दी वापस न आए। हालांकि, पोंटिंग दिल्ली से रवानगी के तुरंत बाद पंजाब किंग्स से जुड़ गए। वह जॉबलेस नहीं हैं, लेकिन उनके कोचिंग स्टाफ में शामिल रहे मोहम्मद कैफ ने अब उन पर ऐसा खुलासा किया है, जो संभव है कि प्रीति जिंटा के मालिकाना हक वाली टीम के मैनेजमेंट के होश उड़ा दे।

दरअसल, उन्होंने बताया कि रिकी

■दिल्ली कैपिटल्स में शिखर को लेने के खिलाफ थे पोंटिंग

पोंटिंग ने आईपीएल रिटेंशन को लेकर पुरानी स्ट्रेटजी अपनाई है। उन्होंने टीम के अधिकतर खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया, जबकि टीम के पास 110 करोड़ रुपये का पर्स है। वह अब पंजाब के लिए नई टीम बनाएंगे, जबकि जो खिलाड़ी रिटेन हो सकते थे और टीम के लिए बेहतर होते अब वह उनके डगआउट का हिस्सा नहीं हैं। मोहम्मद कैफ ने इसके साथ ही शिखर धवन को लेकर एक ऐसा खुलासा किया जो हैरान करने वाला है।

उन्होंने बताया कि 2018 आईपीएल के बाद हुए ऑक्शन में सौरव गांगुली और दिल्ली के मालिक पार्थ जिंदल शिखर धवन को टीम में लेना चाहते थे, लेकिन रिकी पोंटिंग खिलाफ थे। हालांकि, गांगुली और पार्थ के अनुसार ही टीम ने विजय कुमार, शाहबाज नदीम और अभिषेक शर्मा के बदले शिखर धवन को ट्रेड किया। कैफ ने बताया कि पोंटिंग अपने देश के डेविड वॉर्नर से इनफ्लुएंस्ड थे।

वॉर्नर ने शायद उनसे कहा था कि अब धवन का करियर खत्म हो चुका है। दोनों सनराइजर्स हैदराबाद के लिए ओपनिंग कर चुके थे। उन्हें इससे मतलब नहीं था कि शिखर धवन कितने बड़े खिलाड़ी हैं या कितनी क्रिकेट उनमें बची है। खैर, पोंटिंग की एक न चली और शिखर धवन टीम में शामिल हुए। इसके बाद धवन ने टीम के लिए 2019 में 521, 2020 में एक शतक सहित 618, 2021 में 587 रन बनाए। यानी हर सीजन में 500 से अधिक रन ठोके।

## स्विंग के सुल्तान बन गए टी20 टीम के कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम में कमबैक के लिए पूरा जोर लगा रहे भुवनेश्वर कुमार को हाल ही में उनकी इंडियन प्रीमियर लीग टीम सनराइजर्स हैदराबाद ने रिलीज कर दिया था। वह आईपीएल 2025 ऑक्शन में 2 करोड़ रुपये की बेस प्राइस के साथ उतर रहे हैं। इस बीच सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के लिए उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें उत्तर प्रदेश की टी20 टीम का नया कप्तान बनाया गया है। 23 नवंबर से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में वह उत्तर प्रदेश टीम की कप्तानी करेंगे। उत्तर प्रदेश की टीम टूर्नामेंट के ग्रुप–सी में शामिल है, जिसमें उसके अलावा हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, मणिपुर, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और झारखंड की टीमें शामिल हैं। उनका पहला मैच 23 नवंबर को दिल्ली के खिलाफ है। भुवनेश्वर कुमार के पास आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी का अनुभव है तो उनकी कप्तानी में युवाओं को काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

## न्यूज डायरी



### ट्रेविस हेड ने भारतीय टीम के एक्स फैक्टर के नाम का किया खुलासा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने जसप्रीत बुमराह को भारतीय टीम का एक्स फैक्टर करार दिया और साथ ही कहा कि सभी प्रारूपों में उनका सामना करना बेहद चुनौतीपूर्ण लगता है। जसप्रीत बुमराह पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट में भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। यह दूसरा मौका होगा जब जसप्रीत बुमराह भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करेंगे। इससे पहले 2021 में उन्होंने इंग्लैंड में भारत की कप्तानी की थी। बहरहाल, कप्तानी में सीमित अनुभव होने के अलावा बुमराह की गेंद से क्षमता ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के होश उड़ा रखे हैं। 30 साल के बुमराह का गैर–पारंपरिक एक्शन, खतरनाक यॉर्कर और दोनों तरफ गेंद को स्विंग कराने की क्षमता ने लगातार बल्लेबाजों को परेशान रखा। ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर बुमराह का टेस्ट रिकॉर्ड भी शानदार हैं। उन्होंने 7 मैचों में 21.25 की औसत से 32 विकेट चटकाए हैं। हेड ने कहा कि बुमराह की गेंदों को भाप पाना चुनौतीपूर्ण है क्योंकि वह बल्लेबाजों से आगे की सोचते हैं। आप ऐसा सोचने की कोशिश करते हैं कि एक कदम आगे हैं, लेकिन हमेशा ऐसा महसूस होता है कि वो एक कदम आगे खड़े हैं। खेल का कोई भी प्रारूप हो, वो बेमिसाल हैं। बड़े पलों में आपको बड़े खिलाड़ियों की जरुरत होती है और मेरे ख्याल से बुमराह सबसे बड़े हैं। आपको बल्लेबाज के रूप में बहुत ध्यान रखना पड़ता है। ऑस्ट्रेलियाई ओपनर उस्मान ख्वाजा ने बुमराह के साथ अपनी पहली भिड़ंत को याद किया।

### पंत ने गावस्कर को गलत ठहराते हुए डीसी से अलग होने पर तोड़ी चुप्पी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2025 ऑक्शन से पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने ऋषभ पंत को रिटेन नहीं करके हर किसी को चौंकाया। दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन नहीं किए जाने पर पंत ने अब चुप्पी तोड़ी हैं। पंत ने एक्स पर स्टार स्पोर्ट्स के एक पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा कि यह निश्चित रूप से कह सकता हूं कि मेरा रिटेंशन पैसे को लेकर नहीं था। स्टार स्पोर्ट्स की एक वीडियो में सुनील गावस्कर दिल्ली द्वारा अपने कप्तान को रिटेन ना करने के पीछे के कारण को समझा रहे थे। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, जिन पर आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में तगड़ी बोली लग सकती है। उन्होंने हाल ही में पुष्टि की है कि उन्होंने अपनी रिटेंशन फीस को लेकर फ्रेंचाइजी के साथ असहमति के कारण दिल्ली कैपिटल्स को नहीं छोड़ा है। पंत ने एक्स पर उस वक्त लिखा जब भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने सुझाव दिया कि विकेटकीपर बल्लेबाज ने संभवतः अपनी रिटेंशन फीस पर असहमति के कारण फ्रेंचाइजी छोड़ दी है। लेकिन, पंत ने पुष्टि की कि ऐसा नहीं है और गावस्कर को करेक्ट किया। सुनील गावस्कर ये बता रहे थे कि दिल्ली कैपिटल्स ने पंत को क्यों रिटेन नहीं किया। इस दौरान उनकी वीडियो पर पंत ने लिखा कि एक बात मैं दावे से कह सकता हूं कि मेरे रिटेंशन का पैसों से कोई लेना–देना नहीं है।

### 21 रन बनाते ही सचिन–राहुल और लक्ष्मण की खास लिस्ट में पहुंच जाएंगे विराट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विराट कोहली इस समय रनों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। न्यूजीलैंड सीरीज में उनका बल्ला ज्यादा चला नहीं। कोहली की नजरें अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जाने वाली पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी पर हैं। इस सीरीज में कोहली अपनी खोई हुई फॉर्म पाने की कोशिश करेंगे। सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला जाना है और इस मैच में कोहली एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच 22 नवंबर से शुरू हो रहा है। इस मैच में कोहली पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। रोहित शर्मा इस मैच में उपलब्ध नहीं होंगे और ऐसे में कोहली पर रोहित की कमी पूरी करने की जिम्मेदारी भी होगी। वह टीम के मुख्य बल्लेबाजों में शुमार हैं। कोहली पर्थ में एक खास लिस्ट में अपना नाम लिखवा सकते हैं। इसके लिए उन्हें सिर्फ 21 रन चाहिए। अगर कोहली इतने रन बना लेते हैं तो वह बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में अपने 2000 रन पूरे कर लेंगे। इसी के साथ कोहली इस सीरीज में ये मुकाम हासिल करने वाले कुल सातवें बल्लेबाज बन जाएंगे। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम सचिन तेंदुलकर का जिन्होंने इस सीरीज में 3262 रन बनाए हैं।

पेज थ्री देहरादून

हमारा दून



## संक्षिप्त समाचार

### जल जीवन मिशन के 380 कार्य पूरे

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में सोमवार को ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला जल जीवन स्वच्छता मिशन की बैठक हुई। इसमें बताया गया कि जिले 428 कार्यों में से 380 योजनाओं को पूरा कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों ने प्रत्येक महीने के लक्ष्य निर्धारित किए। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, अधीक्षण अभियंता आलोक कुमार, समिति के सदस्य एवं पर्यावरणविद विनोद जुगलान, कार्यक्रम में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के आशीष कठैत, पीके वर्मा अन्य मौजूद रहे।

### अजय अध्यक्ष और देवी दत्त मंत्री बने

**संवाददाता** देहरादून। उत्तरांचल लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी के चुनाव में अध्यक्ष अजय नेगी और मंत्री देवी दत्त जोशी चुने गए। इसके अलावा कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष अनिल रावत, उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह रौतेला, कोषाध्यक्ष लोकेश कुमार, संगठन मंत्री नवीन भट्ट, संयुक्त मंत्री दीपक पंवार और जिला सम्प्रेक्षक विनोद डबराल चुने गए। इस मौके पर मुख्य संरक्षक सुनील दत्त, सुभाष देवलियाल, विक्रम सिंह रावत, रमेश दत्त नौटियाल, शिव सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

### श्रेष्ठा फिनवेस्ट लिमिटेड ने पहली छमाही के लिए आय की घोषणा की

**संवाददाता** देहरादून। श्रेष्ठा फिनवेस्ट लिमिटेड (बीएसईः 539217), जो वित्तीय समाधानों में अग्रणी है, ने 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक के लिए आय की घोषणा की है। निवेश और भागीदारीरू श्रेष्ठा फिनवेस्ट लिमिटेड के बोर्ड ने पहले 100 करोड़ रुपये तक की राशि जुटाकर इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दी थी, जो कि आवश्यक अनुमोदनों के अधीन है।

### एचडीएफसी बैंक को भारत में सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक चुना गया

**संवाददाता** देहरादून। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक को पीडब्लूएम द्वारा आयोजित ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड्स 2024 में 'भारत में सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फाइनेंशियल टाइम्स द्वारा प्रकाशित – एक प्रमुख वैश्विक व्यावसायिक प्रकाशन – पीडब्लूएम निजी बैंकों और उनके संचालन वाले क्षेत्रीय वित्तीय केंद्रों की विकास रणनीतियों का विश्लेषण करने में माहिर है।

# राज्य के विकास और संरक्षण के लिए भू कानून जल्द लागू होगा: सीएम

**घोषणाएं**

- गैरसैंण के सारकोट पहुंच कर मुख्यमंत्री ने सुनी जन समस्याएं, गांव के विकास के लिए की घोषणाए
- मुख्यमंत्री ने स्थानीय महिलाओं के साथ झुमैलो नृत्य किया, महिला मंगल दल को एक लाख की धनराशि दी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दो दिवसीय भ्रमण के दौरान मंगलवार को ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के सारकोट गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री के सारकोट पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने गांव में पहुंचकर कोट भैरव मंदिर में पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। सारकोट गांव पहुंच कर मुख्यमंत्री ने शहीद वासुदेव सिंह के घर पर जाकर परिजनों से भी मुलाकात की। वहीं कार्यक्रम में दौरान मुख्यमंत्री ने सारकोट महिला मंगल दल को सांस्कृतिक सामग्री व अन्य सामान खरीदने के लिए एक लाख की धनराशि चौक के माध्यम से दी।

सारकोट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश के सभी गांवों को आदर्श ग्राम बनने का प्रयास कर रहे हैं। इसी दिशा में राज्य सरकार की ओर से गांवों को मजबूत करने और पलायन रोकने के प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। कहा कि राज्य को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार की ओर जहां स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

वहीं युवाओं को सरकारी सेवाओं में रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए राज्य में कठोर नकल विरोधी कानून लागू करने के साथ ही पारदर्शी भर्ती परीक्षा की प्रणाली को विकसित किया गया है। नकल विरोधी कानून के लागू होने के बाद वर्तमान तक 100 से अधिक नकल करवाने वालों को जेल में डाला गया है। जिसका प्रतिफल है कि वर्तमान तक 18 हजार 500 युवा विभिन्न सरकारी सेवाओं में रोजगार पाकर राज्य के विकास में भागीदारी निभा रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा ही सरकार राज्य के विकास और संरक्षण के लिए जल्द भू कानून लाने का काम कर रही है। जिससे राज्यवासियों के अधिकारों का संरक्षण किया जा सकेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भराड़ीसैंण सारकोट सड़क के डामरीकरण, सारकोट को आदर्श ग्राम बनाने, महिला मंगल दल को व स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय उत्पादों की पैकेजिंग के लिए मशीनें उपलब्ध कराने और भराड़ीसैंण सारकोट सड़क का नाम शहीद वासुदेव सिंह के नाम पर करने की घोषणा भी की। जबकि मुख्यमंत्री की घोषणा से गांव के कोट भैरव मंदिर का सौंदर्यीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य भी किया जाएगा।

कार्यक्रम के समापन के मौके पर स्थानीय महिलाओं की ओर से झुमैलो नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी झुमैलो नृत्य में प्रतिभाग किया। इस मौके पर कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, ग्राम प्रधान सुमति देवी, जिलाधिकारी संदीप तिवारी, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

### राज्य सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं का किया जा रहा है संचालन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के जहां प्रदेश सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर बदरीनाथ धाम को विकसित किया जा रहा है। जल्द ही बदरीनाथ धाम दिव्य और भव्य रूप में दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से गौचर हवाई पट्टी से हवाई जहाजों का संचालन करने को लेकर भी प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही चौखुटिया में भी हवाई पट्टी निर्माण की संभावनाओं को लेकर कार्य किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में लोगों की बाहरी क्षेत्रों की आवाजाही सुगम हो सकेगी। कहा कि जल्द ही चमोली जनपद के लोगों को कर्ण प्रयाग से रेल की भी सुविधा मिल सकेगी।

# विकसित भारत को योग्यता और क्षमता का करें उपयोग: राज्यपाल

**दीक्षांत समारोह**

- राज्यपाल ने विवि के शैक्षणिक सत्र के 21,230 छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की

**संवाददाता**

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय का पांचवां दीक्षांत समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2022–23 के 21,230 छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की। साथ ही विभिन्न विषयों में 81 छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल से नवाजा। सर्वोच्चक अंक हासिल करने वाली कविता रानी को श्रीदेव सुमन गोल्ड मेडल दिया गया। राज्यपाल के हाथों डिग्री और मेडल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

श्रीदेव सुमन विवि ऋषिकेश कैंपस में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के साथ समारोह का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने कहा कि युवा भारत के भविष्य यही होनहार छात्र–छात्राएं हैं। होनहारों को प्रोत्साहित करते हुए बोले, योग्यता और क्षमता का उपयोग कर अब एक भारत और श्रेष्ठ भारत के लिए सभी को जुटना है। इससे भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने का सपना साकार होगा। छात्र–छात्राओं को पांच संकल्प दिलाते हुए उन्होंने देश और प्रदेश के विकास में सहभागी बनने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी भारत और इसका तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा। विवि के संसाधनों के विकास पर उन्होंने खुशी जाहिर की। कहा कि विवि प्रशासन महज गुणवत्ता युक्त शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वह सांस्कृतिक पहचान के प्रचार–प्रसार में भी अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने दीक्षांत समारोह में छात्राओं की सर्वाधिक संख्या पर भी खुशी जाहिर की।

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्य सरकार के प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की बेहतरी के प्रयासों पर प्रकाश डाला। वित्ती मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भी गोल्ड मेडलिस्ट छात्र–छात्राओं की हौसला अफजाई की। कुलपति प्रो. एनके जोशी ने विश्वविद्यालय की अभी तक की उपलब्धियों को समारोह में साझा किया।

### राज्यपाल ने इन्हें गोल्ड मेडल से नवाजा

पांचवें दीक्षांत समारोह में मंगलवार को स्नाकोत्तर स्तर पर सर्वोच्च अंक हासिल करने वाली तन्नु सिंह, आंचल और ऋतिका बलोदी को कैप्टन शूरवीर सिंह पंवार गोल्ड मेडल दिया गया। वाणिज्य संकाय में सर्वोच्चक अंक के लिए अंशिका बर्थवाल को स्व. श्री नंदराम पुरोहित गोल्ड मेडल दिया गया।

### बिजली के लाइन लॉस में पांच साल में आई 5.80 प्रतिशत कमी

**संवाददाता** देहरादून। ऊर्जा निगम मैनेजमेंट ने पांच साल में लाइन लॉस में 5.80 प्रतिशत की कमी का दावा किया। निगम मैनेजमेंट ने पांच साल के आंकड़े जारी करते हुए बताया कि लाइन लॉस 20.44 प्रतिशत से कम होकर 14.64 प्रतिशत पहुंच गया है। जबकि बिजली की मांग इस बीच 10 प्रतिशत बढ़ गई है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद इस लाइन लॉस के और कम होने का दावा किया जा रहा है।

एमडी ऊर्जा निगम अनिल कुमार ने बताया कि पांच सालों में लाइन लॉस में बड़ी कमी आई है। कहा कि इस बीच बिजली की मांग 10 प्रतिशत बढ़ी है। इससे साफ है कि यूपीसीएल के मजबूत पॉवर सप्लाई सिस्टम के लिए बेहतर अहम कदम उठाए गए हैं। क्योंकि बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही लाइन लॉस बढ़ता है, जबकि ऊर्जा निगम ने इसे कम कर न्यूनतम स्तर पर लाने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। लगातार बढ़ती मांग की आपूर्ति को सप्लाई सिस्टम को मजबूत बनाया गया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।